राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, झारखण्ड
संयोजक: बैंक ऑफ इंडिया
दिनांक : 15.05.2018
स्थान – होटल रैडिसन ब्लू, रांची

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड के 63वीं त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त
## Minutes of the 63rd Quarterly Meeting of SLBC, JHARKHAND

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड की 63वीं त्रैमासिक बैठक का आयोजन दिनांक 15.05.2018 को होटल रैडिसन ब्लू, रांची में किया गया ।

बैठक का आरम्भ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड के महाप्रबंधक श्री प्रसाद जोशी द्वारा सभा में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के स्वागत संबोधन से हुआ | श्री जोशी ने अपने संबोधन में भारत सरकार द्वारा हाल ही में संचालित "ग्राम स्वराज अभियान" के दौरान शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने पर सभी संबंधित बैंको एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया और पिछले दो तिमाहियों में राज्य का CD ratio 60% के बेंचमार्क से ऊपर रहने पर संतोष व्यक्त किया | उन्होंने सभी बैंको से इस स्थिति को ना सिर्फ बरक़रार रखने बल्कि उसमे और वृद्धि किये जाने की अपील की | इसके साथ ही उन्होंने झारखण्ड में जमा वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा रहने पर संतोष व्यक्त किया | उन्होंने RBI के नये दिशा निर्देशों के अनुसार data integration एवं correct data प्रेषित किये जाने पर जोर दिया और सभी बैंको को बजट से अधिक मुद्रा लोन दिये जाने पर बधाई दी | साथ ही उन्होंने सभी बैंको एवं LDMs से aspirational districts में सभी key parameters में अच्छे प्रदर्शन करने की अपील की और DFS के आदेशानुसार सभी वैसे जगहों पर SHG के active members को BC के रूप में नियुक्त किये जाने का आहवाहन किया जहाँ अभी fixed location BC कार्यरत नहीं हैं |

तत्पश्चात मंच पर आसीन भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक एवं OIC श्री संजीव दयाल; JSLPS के CEO श्री परितोष उपाध्याय; नाबार्ड के OIC श्री जे सी महंता; SP,CID, श्री वाई एस रमेश; कृषि विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेशक श्री रमेश घोलप; बैंक ऑफ़ इंडिया के वित्तीय समावेशन विभाग,प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक श्री शंकर प्रसाद; बैंक ऑफ़ इंडिया, NBG, झारखंड-छतीसगढ़ के महाप्रबंधक श्री सी एस सहाय; यूनियन बैंक ऑफ़ इंण्डिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री अतुल कुमार एवं UIDAI के ADG श्री देव शंकर का पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया |

State Level Bankers Committee BOI

**बैठक में उपरोक्त सम्मानित अतिथियों के अलावे झारखण्ड सरकार के अन्य विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी; झारखण्ड राज्य स्थित सभी बैंकों के नियंत्रक प्रमुख; झारखण्ड राज्य के 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे ।**

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात SP,CID, श्री वाई एस रमेश को बैठक को सम्बोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया। अपने सम्बोधन मे श्री रमेश ने security aspect पर बोलते हुए बैंकों से सुरक्षा सम्बन्धी सभी दिशा निर्देशों का अक्षरसः पालन करने का निर्देश दिया और साथ ही सभी बैंको को local police से समुचित सम्बन्ध बनाकर रखने की सलाह दी | साथ ही उन्होंने बैंको में नियमित अन्तराल पर fire audit एवं security audit कराये जाने की बात कही | उन्होंने बैंको के सुरक्षा गार्ड के gun licence एवं cyber crime पर विस्तृत चर्चा की | उन्होंने सभी बैंको से सुरक्षा मानकों पर ज्यादा बजट का प्रावधान किये जाने की अपील की |

इसके पश्चात JSLPS के CEO श्री परितोष उपाध्याय ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी बैंको को पिछले वित्तीय वर्ष में SHG financing में सराहनीय कार्य करने के लिए बधाई दी | उन्होंने BOI, Union Bank, PNB एवं JGB को विशेष रूप से अच्छे कार्य के लिए धन्यवाद दिया | साथ ही उन्होंने United Bank, UCO Bank, IOB एवं CBI के कार्य पर असंतोष जाहिर करते हुए उनसे वर्तमान वित्तीय वर्ष मे बेहतर कार्य करने की अपेक्षा की | उन्होंने RSETI के काम पर संतोष जाहिर किया परंतू साथ ही साथ उनसे और अधिक कार्य करने की अपेक्षा की | उन्होंने कई RSETI भवन, जहाँ निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है, के निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण कर वहाँ training कार्य जल्द से जल्द शुरू करने की सलाह दी | उन्होंने PNB से रामगढ में RSETI के लिए आवंटित land को स्वीकार कर वहाँ पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने की अपील की |

नाबार्ड के प्रभारी पदाधिकारी श्री जे सी महंता ने अपने संबोधन का आरंभ सभी बैंको को वित्तीय वर्ष 2017-18 में ACP target का 90% से ज्यादा उपलब्धि हासिल करने पर बधाई देने के साथ किया | उन्होंने MSME sector एवं SHG financing में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बैंको को विशेष रूप से धन्यवाद दिया | उन्होंने वित्तीय वर्ष 2017-18 में NABARD द्वारा लगभग 8000 JLG को credit linked किये जाने की बात बताई | उन्होंने कृषि क्षेत्र में 18% के बेंचमार्क से कम रहने पर असंतोष प्रकट किया और खासकर वर्ष 2022 तक किसानो की आमदनी को दुगना किये जाने के लक्ष्य में बाधक बताया | उन्होंने राज्य में जिन किसानों को KCC ऋण नहीं प्रदान किया गया है उन्हें राज्य सरकार के सहयोग से पूरा किये जाने का सुझाव दिया | इस क्षेत्र में उन्होंने RRBs और co-opertaive बैंक को और अधिक सहयोग दिये जाने के लिए अपील किया | उन्होंने नाबार्ड द्वारा बनाये गए PLP और माननीय मुख्यमंत्री के आह्वाहन के अलोक में राज्य में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए ACP target को revise कर रु 30000 करोड़ तक किये जाने का सुझाव दिया |

State Level Bankers Committee BOI Jharkhand

इसके पश्चात निदेशक, कृषि विभाग, झारखण्ड सरकार, श्री रमेश घोलप ने सभा में उपस्थित सभी बैंको से राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अलोक में उन सभी किसानों के लिए जिन्होंने short term कृषि ऋण का भुगतान 1 वर्ष के अंदर कर दिया है, 3% अतिरिक्त interest subvention राज्य सरकार से अविलम्ब claim किये जाने की अपील की |

तत्पश्चात RBI के महाप्रबंधक एवं प्रभारी पदाधिकारी श्री संजीव दयाल को सभा को संबोधित करने के लिए निमंत्रित किया गया | उन्होंने अपने संबोधन में वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर होने वाले SLBC की 63 वीं बैठक को खास बताते हुए कहा कि इसमें सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के आंकड़ों की समीक्षा से कई क्षेत्रों में हुई प्रगति अथवा उन क्षेत्रों में और कार्य किये जाने की जरुरत का पता चलता है| उन्होंने बैंको द्वारा कुछ क्षेत्रों जैसे CD ratio , priority sector advances, MSME advances में किये गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की और साथ ही कुछ क्षेत्रों जैसे कि कृषि क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया | उन्होंने बैंको से agriculture advances में कम से कम अपेक्षित बेंचमार्क यानि 18% तक पहुँचने का आग्रह किया | NPA की स्थिति पर उन्होंने गहन चिंता जाहिर की | उन्होंने इस बैठक को वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली बैठक होने के कारण भी काफी महत्वपूर्ण बताया क्योंकि इस बैठक के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए विभिन्न parameters की प्राथमिकतायें एवं उनके लिए लक्ष्य का निर्धारण किया जाता है | उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को challenging बताते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयास एवं राज्य सरकार के द्वारा बनाये गए सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के कारण इस लक्ष्य की प्राप्ति संभव है | इसके आगे उन्होंने वर्तमान परिदृश्यों के मद्देनज़र LBS में RBI के दिनांक 06.04.2018 के circular के आधार पर हुए changes की चर्चा करते हुए SLBC से आग्रह किया कि भविष्य में होने वाली SLBC की बैठके इस आधार पर की जाएँ | इसके लिए उन्होंने SLBC को सभी बैंको के साथ बैठकर रणनीति तय करने की आवश्यकता बताई | इसके साथ ही उन्होंने LDO/LDMs को मजबूत बनाये जाने से संबंधित नये दिशा निर्देशों का भी जिक्र किया | उन्होंने RBI द्वारा LDMs से इस सम्बन्ध में मांगे गए compliance की बात करते हुए अविलम्ब वस्तुस्थिति बताने का निर्देश दिया ताकि बैंको के नियंत्रक प्रमुखों से इस विषय पर चर्चा कर LDMs को ज्यादा से ज्यादा कारगर बनाने हेतु प्रभावी कदम उठाया जा सके | उन्होंने बैंकिंग sector में लगातार हो रहे बदलाओं के अलोक में Finanacial Literacy की महत्ता का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी RBI द्वारा दिनांक 04.06.2018 से 08.06.2018 तक Finanacial Literacy Week का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसका मुख्य उद्देश्य "Comsumer Protection" है , जिसके तहत बैंकिंग सेवा प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों/कर्तव्यों के प्रति जागृत करने के लिए प्रयास किया जाना है | इस वर्ष Finanacial Literacy Campaign के दौरान मुख्यतः चार चीजों को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है- Risk Versus Return, Grievance Redressal Mechanism, Customer Liability for Unauthorised Electronic Banking Transaction, and Good Practices for Safe Digital Banking Experience. उन्होंने सभी बैंको से nodal officer को नामित करने का आग्रह किया जो RBI के अधिकारियों के साथ Finanacial Literacy Campaign के दौरान काम कर सकें | उन्होंने आगे बताया कि Financial

State Level Bankers' Committee BOI

education के लिए 5 target group को चिन्हित किया गया है, ये हैं- किसान, छोटे उद्यमी, विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह और वरिष्ठ नागरिक, जिससे संबंधित material RBI के वेबसाइट पर उपलब्ध है | उन्होंने FLC एवं अन्य प्रशिक्षकों द्वारा इनका उपयोग किये जाने की सलाह दी | उन्होंने राज्य में tenant farmers/share croppers की चर्चा करते हुए कहा कि RBI द्वारा गठित working committee द्वारा इस मुद्दे पर विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है जिसके उपरांत इस पर कुछ दिशा निर्देश जारी किये जा सकते हैं, जिसके आलोक में अन्य राज्यों की तरह झारखण्ड में भी इस sector में कृषि ऋण दिये जाने की संभावनाओं को तलाशा जा सकता है | उन्होंने NABARD से भी इस सम्बन्ध में सहायता देने का आग्रह किया | उन्होंने RBI द्वारा बनाये गए पोर्टल पर व्यवसायिक बैंको द्वारा BC के details को upload करने का आग्रह किया जिससे BC से related information आम नागरिकों के लिए public domain में उपलब्ध रहे | उन्होंने network connectivity पर अपने विचार रखते हुए विभिन्न सेवा प्रदाताओं से इस दिशा में समुचित प्रयास करने का आग्रह किया | 2000 जनसँख्या से कम वाले गाँवों में BC की नियुक्ति के लिए उन्होंने सभी बैंको को RBI द्वारा दिये गए roadmap और timeline के आधार पर कार्य किये जाने का निर्देश दिया | उन्होंने Vijaya बैंक द्वारा रांची जिले के चान्हो प्रखंड के पतरातू गाँव में BC नियुक्ति से संबंधित जानकारी दिये जाने के मामले को उद्धृत करते हुए सभी बैंको से पूरी तरह जाँच परख के बाद ही compliance देने की बात कही | इसके बाद उन्होंने SLBC से आगे agenda items की प्रस्तुतीकरण करने का निर्देश देकर अपनी बात समाप्त की |

तत्पश्चात SLBC द्वारा सभाध्यक्ष की सहमति से ADG, UIDAI श्री देव शंकर को सभा को संबोधित करने के लिए निमंत्रित किया गया | उन्होंने आधार authentication के लिए बैंको द्वारा चलाये जा रहे centres पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिन centres पर बैंक staff की बजाय outsource किये हुए लोग काम कर रहे हैं वहाँ का काम ज्यादा संतोषप्रद है | अतः उन्होंने बैंक centres पर आने वाले लोगों के काम के लिए ज्यादा संवेदनशील होने की जरुरत पर जोर दिया |

सबसे अंत में BSNL के महाप्रबंधक श्री के के ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनके विभाग द्वारा झारखण्ड में connectivity issue को resolve करने के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं | उन्होंने कई बैंको का नाम लेते हुए कहा कि उनके यहाँ या तो bandwidth बढाया जा चूका है या उसे बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है | उन्होंने PNB के e-way काउंटर का जिक्र करते हुए कहा कि बैंक यदि चाहे तो BSNL के centres पर इस तरह की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा सकती है | उन्होंने BSNL द्वारा state co-operative बैंक के लिए CBS और data centre service जैसी व्यवस्था दिये जाने का जिक्र किया | उन्होंने LWE क्षेत्रों में BSNL द्वारा 800 टावर लगाये जाने की बात बताई और साथ ही कहा कि इन centres पर जल्द ही wi-fi की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है |

State Level Banker Committee BOI Jharkhand

**<u>व्यवसाय सत्र (Business Session):</u>** सभाध्यक्ष के आदेशानुसार, मुख्य प्रबंधक, SLBC, श्री दीप शंकर द्वारा व्यवसाय सत्र की कार्यवाही शुरू करते हुए सर्वप्रथम दिनांक 13.02.2018 को आयोजित 62वी एसएलबीसी बैठक के कार्यवृत की संपुष्टि सभा द्वारा कराई गयी |

**<u>राज्य सरकार से संबंधित मामले:</u>**

इसके बाद राज्य सरकार से संबंधित मामलों की चर्चा की गई :

1. राज्य के स्कूलों में वित्तीय साक्षरता से संबंधित पाठ्यक्रम को शामिल किये जाने के RBI द्वारा उठाये गए मुद्दे पर राज्य सरकार द्वारा अबतक कोई जानकारी नहीं दिए जाने की बात बताई गई | **(Action: राज्य सरकार)**

2. certificate cases के निपटारे के लिए dedicated certificate officer की नियुक्ति के सम्बन्ध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा बुलाई गई बैठक का हवाला देते हुए सभा को बताया गया कि Dedicated Certificate Officer की नियुक्ति के लिए जरुरी सभी औपचारिकतायें राज्य सरकार द्वारा पूरी कर ली गयीं हैं, परंतू उनके salary और अन्य office establishment पर होने वाले व्यय के लिए बैंको से जो मासिक खर्च की राशि देने को कहा गया है, इससे संबंधित बैठक जल्द ही बुलाकर बैंको के निर्णय से राज्य सरकार को अवगत करा दिया जायेगा | **(Action: राज्य सरकार, सभी बैंक एवं SLBC)**

<u>बैंक से संबधित मामले /**Issues Pertaining To Banks**</u>

सभा को बताया गया कि Bandhan Bank, Federal Bank, IDBI Bank, Indus Ind Bank, J & K Bank, Karnataka Bank, Karur Vaisya Bank, Kotak Mahindra Bank, Laxmi Vilas Bank, South Indian Bank, Syndicate Bank और Yes Bank ने बार-बार लिखित एवं मौखिक आग्रह के बावजूद SLBC को ATR प्रेषित नहीं किया | सभा को यह भी बताया गया कि कई बैंको एवं LDMs के द्वारा ATR का संतोषप्रद जबाब न देकर केवल खानापूर्ति की गई है | सभी बैंको एवं LDMs से भविष्य में इस पर ध्यान देने का आग्रह किया गया |

तत्पश्चात श्री दीप शंकर ने एसएलबीसी की 63वीं बैठक में चर्चा किए गए बिंदुओं पर बैंक से प्राप्त Action Taken रिपोर्ट को क्रमवार प्रस्तुत किया।

1. **SHG Credit Linkage**- JSLPS द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 में दिये गए target की चर्चा करते हुए बताया गया कि SLBC की SHG sub committee की दिनांक 09.05.2018 को हुई बैठक में प्रस्तुत किये गये बजट को आज की बैठक की कार्यवाही में अनुमोदित करते हुए सभी बैंको एवं LDMs को प्रेषित कर दिया जायेगा | सभा को यह बताया गया कि इस बार का बजट निर्धारण, प्रखंडवार बैंको की मौजूदगी के आधार पर, किया गया है | साथ ही JSLPS से यह निवेदन किया गया कि बैंको को दिये गए target को ध्यान में रखते हुए rational आधार पर SHGs के आवेदन बैंको को प्रेषित किये जाएँ जिससे किसी तरह की विषमता न हो | सभी बैंको से आवेदनों के त्वरित निष्पादन का आग्रह किया गया | **(Action: JSLPS एवं सभी बैंक)**

State Level Bankers Committee BOI Jharkhand

*इसी क्रम में पिछले वित्तीय वर्ष में दिये गए target के विरुद्ध 100% से अधिक उपलब्धि करने वाले चार बैंको- बैंक ऑफ़ इंडिया, झारखण्ड ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक तथा चार अग्रणी जिला प्रबंधकों- गिरिडीह, रामगढ, बोकारो एवं हजारीबाग को JSLPS की तरफ से सम्मानित किया गया |*

**2. PMJDY-** सभी बैंको से Rupay card activation को बढ़ाये जाने का आग्रह किया गया |

**(Action: सभी बैंक)**

**3. Aspirational Districts-** दिनांक 14.05.2018 को DFS के साथ हुई VC का जिक्र करते हुए सभा को बताया गया कि झारखण्ड राज्य में 19 aspirational districts को चिन्हित किया गया है और DFS के नये दिशा निर्देशों के अनुसार दिनांक 26.05.2018 से 4 सप्ताह का अभियान चलाकर इन सभी जिलों को 5 key parameters- PMJDY, PMJJBY, PMSBY, APY तथा PMMY में eligible target group को saturate किया जाना है | इस सम्बन्ध में सभा को बताया गया कि इससे संबंधित दिशा निर्देश DFS से प्राप्त होते ही सभी बैंको एवं LDMS को प्रेषित कर दिये जायेंगे |

**(Action:सभी बैंक एवं सभी LDMs- देवघर, धनबाद, जामतारा, कोडरमा एवं सराइकेला को छोडकर)**

4. **RSETI भवन निर्माण /RSETI Trainees का क्रेडिट लिंकेज** - संबंधित बैंकों एवं LDMs से सभी शाखाओ में लंबित आवेदनों को Viability के आधार पर अविलम्ब स्वीकृति देने का अनुरोध किया गया । सभा को बताया गया कि LDMs द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार राज्य पिछले वित्तीय वर्ष में बैंको को भेजे गए 4123 आवेदनों एवं वित्तीय वर्ष 2016-17 के बचे 2826 आवेदनों में से केवल 2461 आवेदनों को ही स्वीकृत किया गया है और अभी भी बैंको के पास कुल 4061 आवेदन लंबित पड़े है | **(Action:सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

**5. PMFBY-** सभी बैंको से सभी loanee farmers को insurance coverage दिये जाने और उससे संबंधित रिपोर्टिंग पोर्टल पर विधिवत तरीके से किये जाने का अनुरोध किया गया |

**(Action:सभी संबंधित बैंक)**

**6. CGTMSE coverage-** बैंको से सभी eligible cases में CGTMSE coverage लिए जाने और उसकी सही रिपोर्टिंग किये जाने का आग्रह किया गया | **(Action:सभी संबंधित बैंक)**

7. **Uncovered Centres-** DFS द्वारा चिन्हित 2764 uncovered centres की जानकारी देते हुए सभा को बताया गया कि दिसम्बर 2017 में ही इस रिपोर्ट को सभी LDMs को प्रेषित कर उन locations पर काम करनेवाले BCs की रिपोर्टिंग मांगी गई थी ताकि जहाँ BCs काम नहीं कर रहे हैं, वहाँ नजदीकी बैंक शाखा को BC के नियुक्ति के लिए कहा जा सके, परंतू अभी भी साहिबगंज LDM द्वारा यह जानकारी नहीं दी गई है |

State Level Bankers' Committee Jharkhand BOI

इसी क्रम में BOI, प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक श्री शंकर प्रसाद ने BC recruitment के सम्बन्ध में सभा में दो बातें स्पष्ट कीं- पहला, यदि किसी centre में BC द्वारा cover किये जा SB खातों की संख्या 5000 से ऊपर है, तो वहाँ अविलम्ब दूसरे BC की नियुक्ति तथा, दूसरा, 5 KM radius से beyond एवं inactive BC के स्थान पर नये BC की नियुक्ति की जाये | उन्होंने साथ ही SHG के active member को BC के रूप में नियुक्त करने की सलाह दी |

**8. SARFAESI के अंतर्गत बड़े बकायादारों के ऋण की वसूली** - Union Bank के DGM श्री अंकेश जैन एवं PNB के DGM श्री पी के जैन द्वारा SARFAESI के मुद्दे पर सभा का ध्यान आकृष्ट कराने पर कि SARFAESI cases के resolution में राज्य सरकार से बार बार आग्रह करने के पश्चात भी संतोषजनक प्रगति नहीं हो पा रही है, SLBC के मुख्य प्रबंधक श्री दीप शंकर ने सभा में यह सुझाव दिया कि चूँकि revamp LBS के तहत सभी issues को SLBC की sub committee में discuss किया जाना प्रस्तावित है, अतः सभाध्यक्ष की सहमति से इसके आलोक में SLBC की एक sub committee NPA के ऊपर गठित की जाये जिसमे 4-5 major बैंको की भागीदारी हो और यह committee regular अन्तराल पर district authority के साथ मीटिंग कर इन मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करे | इस सुझाव को सभा द्वारा स्वीकृति दी गई |

**(Action: SLBC)**

9. **मुद्रा प्रोत्साहन अभियान** - SLBC द्वारा बताया गया कि बार-बार मौखिक एवं लिखित आग्रह और अग्रिम मे सूचना दिये जाने के बावजूद दिनांक 12.10.2017 को मोराबादी में आयोजित मुद्रा प्रोत्साहन अभियान में हुए खर्च के विरुद्ध Axis Bank, ICICI Bank और IOB ने अब तक अपना contribution रु 77400/- की राशि SLBC को प्रेषित नहीं की गई है | इन बैंकों से आग्रह किया गया कि यह राशि SLBC को अविलम्ब उपलब्ध करा दी जाये |

**(Action: Axis Bank, ICICI Bank और IOB)**

**10. Digital Village-** माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बैंको को दिये गए निर्देश के तहत राज्य में अबतक 12 बैंको से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 936 गाँवों को digital village घोषित किया गया है, जिसमे BOI, JGB और SBI, Allahabad Bank एवं HDFC ने अच्छा कार्य किया है | SLBC द्वारा कुछ बड़े बैंको जैसे PNB एवं BOB एवं अन्य बैंको से इस दिशा में आगे आने की अपील की गई | BOI, प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक श्री शंकर प्रसाद ने सभी बैंको के प्रत्येक शाखा को कम से कम 1 digital village को agriculture purpose से adopt करने की सलाह दी ताकि वहाँ कृषि ऋण के प्रवाह को बढाया जा सके | NABARD के OIC श्री महंता ने दीर्घ कालिक मियादी कृषि ऋण के लिए RRBs एवं state co-operative bank को NABARD द्वारा दिये जाने वाली concessional refinance का जिक्र किया और इन बैंको से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा मियादी कृषि ऋण प्रदान करें | **(Action: JGB, VGB और co-operative bank)**

**11. मुख्यमंत्री जन संवाद** - सभी बैंको से आग्रह किया गया कि जन संवाद के तहत जनता से प्राप्त शिकायतों को त्वरित और प्रभावी ढंग से निष्पादित किया जाये अन्यथा कभी कभी कुछ मुद्दे काफी गंभीर हो जाते हैं और बैंको को विषम परिस्थिति से गुजरना पड़ता है |

State Level Bankers' Committee BOI

## सभी बैंको के महत्वपूर्ण संकेतक

इस विषय पर सभा को बताया गया कि राज्य में पिछले तिमाही अक्टूबर-दिसम्बर की तुलना में जनवरी-मार्च तिमाही में लगभग प्रत्येक क्षेत्रों में बैंको का प्रदर्शन सराहनीय रहा है | कृषि क्षेत्र में अच्छे disbursement के बावजूद o/s में अपेक्षाकृत हुई कम वृद्धि पर सभी बैंको का ध्यान आकृष्ट कराया गया | महिलाओं एवं अल्पसंख्यक समुदायों को दिये जाने वाले ऋण से संबंधित रिपोर्टिंग में कई बैंको द्वारा काफी variation किये जाने की तरफ सभा का ध्यान आकृष्ट कराया गया और सभी से इस पर ध्यान देने की अपील की गई |

**(Action: सभी बैंक)**

## वार्षिक ऋण योजना के आधार पर वर्ष 2017-18 की उपलब्धि की समीक्षा
## एवं
## वार्षिक ऋण योजना (2018-19)

इस विषय पर मुख्य प्रबन्धक श्री दीप शंकर ने जानकारी देते हुए बतलाया कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान बैंको ने ACP target के विरुद्ध लगभग 90% achievement कर लिया है | MSME sector में प्रत्येक वर्ष अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने पर सभी LDMs से वार्षिक योजना बनाते समय इसके लिए उपयुक्त target का प्रावधान किये जाने को कहा गया | ACP target के achievement एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट पर अपने विचार रखते हुए JGB के अध्यक्ष श्री बृज लाल ने कहा कि कई बार यह मुद्दा उठाने के बाद भी LDMs द्वारा district के लिए बनाये गए बजट के आधार पर JGB का target पिछले वित्तीय वर्ष में हुई उपलब्धि का 500% दिया गया है जिसे प्राप्त करना लगभग नामुमकिन है | उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में हुई उपलब्धि को आधार मानते हुए लगभग 20-25% का incremental बजट दिया जाना तर्कसंगत है जबकि LDMs द्वारा पिछले ACP में 10-15% जोड़कर हर वित्तीय वर्ष में नया बजट दिया जाता है जो अनुचित है | BOI, NBG (J-C) के महाप्रबंधक श्री सी एस सहाय ने भी सुझाव दिया कि पिछले 10 वर्षों के trend को देखते हुए ACP achievement के आधार पर ही realistic target दिया जाना चाहिए क्योंकि इसके आधार पर ही बैंको का performance judge किया जाता है | SLBC द्वारा सभा को बताया गया कि NABARD द्वारा बनाये गए PLP के आधार पर LDMs द्वारा district का ACP तैयार किया जाता है जिसे DLCC में approval के पश्चात SLBC को प्रेषित किया जाता है और सभी जिलों के ACP को compile कर State का ACP बनाया जाता है, अतः इस पूरे प्रक्रिया में एक बार basic level से सुधार की जरुरत है | JGB द्वारा यह बताया गया कि DLCC की meeting में उनके अधिकारियों के बात नहीं सुनी जाती है और LDMs द्वारा ACP बनाते वक़्त इन बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता है | SLBC द्वारा NABARD से यह अनुरोध किया गया कि वास्तविक उपलब्धि और potential के आधार पर सभी बैंको की सहभागिता से ही PLP बनाया जाना चाहिए | इस पर NABARD के श्री महंता ने कहा कि इस बार के ACP में बैंकवार दिये गए लक्ष्य को participating banks के संख्या के आधार पर LDMs द्वारा reallocate कर लिया जाये | RBI के GM, OIC श्री दयाल ने इस पर कहा कि इस व्यवस्था में सुधार लाने हेतु बैंको के controlling heads को BLBC की बैठक में शामिल होकर उसी level से बजट को सही कराने का प्रयास किया जाना चाहिए | साथ ही उन्होंने

State Level Bankers' Committee BOI Jharkhand

NABARD से भी आग्रह किया कि PLP का निर्माण सभी बैंको की सहभागिता से और realistic आधार पर किया जाना चाहिए | उन्होंने इस सम्बन्ध में बजट के reallocation की संभावनाओं पर विचार किये जाने का सुझाव दिया |

**(Action: सभी बैंक, सभी LDMs, NABARD एवं RBI)**

### कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड

इस सम्बन्ध में सभा को बतलाया गया कि 31.03.2018 तक कुल 1484043 eligible KCC खातों में 1286611 खातों में Rupay Card जारी करने हेतु आवेदन किया गया है जिसके विरुद्ध 1263900 खातों में यह निर्गत कर दिया गया है | सभी बैंको से कृषि ऋण का प्रवाह बढ़ाये जाने की अपेक्षा की गई |

**(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

### MSME Advances/CGTMSE Coverage की स्थिति

श्री दीप शंकर ने सभा को यह जानकारी दी कि बैंको द्वारा प्रदत्त आंकड़ों के अनुसार झारखण्ड राज्य में रु 2 करोड़ की सीमा के अंदर कुल 3.64 लाख (लगभग) MSE ऋण खातें हैं, जो cgtmse coverage के लिए eligible हैं, परंतु इनमे से केवल 1.19 लाख (लगभग) ऋण खातों में, यानी कि सिर्फ 32.69 % खातों में ही CGTMSE कवरेज लिया गया है | उन्होंने RBI में प्रत्येक तिमाही में MSME पर होने वाली Empowered committee की मीटिंग का हवाला देते हुए कहा कि eligible खातों में CGTMSE coverage के कम प्रतिशत को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि बैंको द्वारा इसकी सही रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है | खासकर Pvt बैंको द्वारा की जा रही रिपोर्टिंग पर चर्चा की गई | सभी बैंको के नियंत्रक प्रमुखों से यह अनुरोध किया गया कि इस सम्बन्ध में दिये जा रहे आंकड़ों की प्रमाणिकता को पूरी तरह परखने के उपरांत ही SLBC के पोर्टल पर upload करें | MSME ऋण दिये जाने के मामले में उत्तरोत्तर वृद्धि पर सभा में संतोष व्यक्त किया गया |

**(Action: सभी बैंक)**

### प्रधान मंत्री मुद्रा योजना

बैंको द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार झारखण्ड राज्य में पिछले वित्तीय वर्ष में मुद्रा ऋण के तहत दिये गए लक्ष्य रु 2732 के विरुद्ध कुल रु 2932 करोड़ रूपये का ऋण इस योजना के तहत दिया गया | SLBC द्वारा यह बताया गया कि Mudra पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार राज्य में Micro Financial Institutes के द्वारा दिये गए ऋण को मिलकर राज्य में पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 5430 करोड़ रु का मुद्रा ऋण संवितरित किया गया है | अतः बैंको एवं LDMs द्वारा MSME target का निर्धारण करते समय मुद्रा ऋण के potential को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए |

**(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

### स्टैंड अप इंडिया ऋण योजना

सभा को बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बैंको द्वारा कुल 571 आवेदन स्वीकृत किये गए है | सभी बैंको को लंबित आवेदनों के अविलम्ब निष्पादन

State Level Bankers Committee BOI Jharkhand

के लिए कहा गया | SLBC द्वारा सभी बैंको से आग्रह किया गया कि इसके तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों को शाखा स्तर पर अस्वीकृत ना किया जाये | यह अधिकार राज्य स्तरीय नियंत्रक प्रमुख के कर्यलाय के पास होना चाहिए | **(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

## शिक्षा ऋण एवं आवास ऋण

इस विषय पर सभा को जानकारी देते हुए बताया गया कि शिक्षा ऋण में काफी प्रगति होने के बावजूद अभी भी स्थिति में गुणात्मक सुधार नहीं आया है | पिछड़े वर्ग के छात्रों को शिक्ष ऋण दिये जाने में और ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है | Housing sector में दिये गए ऋण में से बैंको से यह आग्रह किया गया कि वैसे ऋण जो PMAY योजना के तहत अर्हता प्राप्त रखते हों उन्हें PMAY scheme के दायरे में लाकर संबंधित विभाग से subsidy की मांग की जाये |

**(Action: सभी बैंक)**

## एसएचजी महिलाओं के वित्तपोषण हेतु योजना

सभी बैंको से यह आग्रह किया गया कि वे JSLPS और NABARD के साथ समन्वय कर इससे संबंधित सही प्रगति प्रतिवेदन SLBC को उपलब्ध कराएँ | NABARD के श्री महंता ने SHG को financing की लिमिट बढ़ाये जाने की मांग की | JGB के श्री बृज लाल ने SHG का अधिकतम finance लिमिट रु 5.00 लाख किये जाने की बात को उद्धृत करते हुए कहा कि बढे हुए exposure के आलोक में security के aspect पर भी चर्चा की जानी चाहिए और इसके लिए guarantee coverage का scheme introduce किया जाना चाहिए | इसपर SLBC द्वारा यह कहा गया कि चूँकि इस scheme के तहत financing RBI एवं govt guidelines के अनुसार की जाती है अतः इस पर SLBC की sub committee में अलग से चर्चा किया जाना उचित होगा |

**(Action: JSLPS, NABARD, सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

## वित्तीय समावेशन/प्रधानमंत्री जन धन योजना

SLBC द्वारा सभा को बताया गया कि झारखण्ड में सभी 4178 SSA या तो BC या फिर बैंक की शाखा के through covered हैं | इसके साथ ही BC द्वारा no. of transaction एवं Rupay कार्ड activation को बढ़ाये जाने की बात पर बल दिया गया | साथ ही LDMs से DFS द्वारा बताये गए uncovered village को, जहाँ fixed location BC की नियुक्ति नहीं हो पाई है , उन्हें चिन्हित कर वहाँ मौजोद नजदीकी बैंक शाखा के माध्यम से सखी मंडल की महिलओं को BC agent के रूप में नियुक्त करवाने का आग्रह किया | vijaya बैंक द्वारा पतरातू गाँव में BC की नियुक्ति से सम्बन्धित दो different report दिये जाने की बात पर सभी बैंको से यह आग्रह किया गया कि सभी forum पर सही रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु प्रत्येक बैंक के उच्च अधिकारियों को अपने यहाँ आवश्यक check points रखने चाहिए | इस क्रम में RBI के सहायक महाप्रबंधक श्री राजेश तिवारी ने वर्तमान रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि vijaya बैंक के अलावा भी 15 centres पर BC नहीं होने की बात बताई गई है जबकि पिछले SLBCकी रिपोर्ट के आधार पर RBI के local board की मीटिंग में शत प्रतिशत centres पर BC coverage की रिपोर्टिंग कर



State Level Bankers Committee BOI Jharkhand

दी गई है | इस पर SLBC के द्वारा RBI को यह बताया गया कि चूँकि ये centres बैंको को उनकी शाखा खोलने के लिए आवंटित किये गए थे और शायद शाखा नहीं होने की वजह से उन बैंको द्वारा उन centres पर BC की नियुक्ति में problem आ रही है | अतः इन centres पर fresh exercise कर वहाँ मौजूद नजदीकी बैंक शाखा से यह पता लगाया जा सकता है कि वहाँ उनके BC यदि कार्य कर रहें हैं तो ये centres covered माने जायेंगे और इसकी नवीनतम सूचना SLBC द्वारा RBI को जल्द उपलब्ध करा दी जाएगी |

**(Action:SLBC,सभी संबंधित बैंक एवं LDMs)**

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP)**

इस विषय पर चर्चा करते हुए बतलाया गया कि पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार PMEGP ऋण में प्रगति हुई है परंतू अभी भी बैंको के पास काफी आवेदन लंबित पड़े हैं, जिनका अविलम्ब निष्पादन सुनिश्चित किया जाना चाहिए | VGB द्वारा सभा में यह बताया गया कि पुराने स्वीकृत cases में अभी तक subsidy की राशि KVIC के द्वारा release नहीं की गई है और इसके पश्चात ही नये cases को स्वीकृति दी जा सकती है | SLBC के द्वारा VGB और अन्य दूसरे बैंको से यह आग्रह किया गया कि उनके यहाँ यदि ऐसे मामले लंबित पड़े हैं तो उन्हें अविलम्ब SLBC के संज्ञान में लाया जाये ताकि उसे संबंधित विभागों को उसके निष्पादन हेतु प्रेषित किया जा सके | **(Action: KVIC एवं सभी बैंक)**

**RSETI एवं FLCC**

राज्य में RSETI एवं FLCC के द्वारा किये गए training एवं कैम्पों के संचालन से संबंधित जानकारी सभा को दी गई | खासकर RSETI trained candidates के ऋण आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादित करने के लिए सभी से आग्रह किया गया | **(Action: सभी संबंधित बैंक एवं LDMs)**

**विविध कार्य सूची**

1. Axis Bank, ICICI Bank एवं IOB को मुद्रा प्रोत्साहन अभियान में हुए खर्च के विरुद्ध उनके share contribution को SLBC को जल्द से जल्द दिये जाने का आग्रह किया गया |

**(A :ctionAxis Bank, ICICI Bank एवं IOB)**

2. सभी संबंधित LDMs से ग्राम स्वराज अभियान के तहत achieve किये गए target से संबंधित saturation certificate का hard copy सभी appropriate authorities से हस्ताक्षर कराकर SLBC को भेजने का आग्रह किया गया | **(Action: सभी संबंधित बैंक एवं LDMs)**

3. Revamp Lead Bank Scheme के guidelines की चर्चा करते हुए सभी बैंको से आग्रह किया गया कि उनके प्रधान कार्यालय में data integration से संबंधित पोर्टल के development की जानकारी SLBC को दी जाये | इस सम्बन्ध में बैठक करने का प्रस्ताव दिया गया |

**(Action: सभी बैंक एवं SLBC)**

State Level Bankers Committee BOI Jharkhand

4. DFS द्वारा राज्य के 2764 गाँवों में 5 KM के दायरे में बैंकिंग outlet की जानकारी सभी LDMs से अविलम्ब उपलब्ध कराने के लिए कहा गया | साथ ही LDMs से यह भी अनुरोध किया कि उन जगहों पर जो भी नजदीकी बैंक कार्यरत हैं, उन्हें वहाँ fixed location BC की नियुक्ति जल्द से जल्द करने के लिए कहा जाये | साहिबगंज LDM से रिपोर्ट नहीं मिलने की बात पर SBI के सहायक महाप्रबंधक श्री कमलाकर सिंह ने 15 दिनों के अंदर यह जानकारी दे दिये जाने का आश्वासन दिया | इसी क्रम में BOI, प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक श्री शंकर प्रसाद ने BC recruitment के सम्बन्ध में सभा को यह जानकारी दी कि नये दिशा निर्देशों के मद्देनज़र सभी SSA को BC के द्वारा cover किया जाना है और इसलिए झारखण्ड में कुल 4178 SSA के विरुद्ध जो 477 SSA बैंक द्वारा covered दिखाए गए हैं, वो BC के द्वारा cover किये जाएँ |

**(Action: सभी बैंक एवं सभी LDMs)**

5. देश भर के LWE districts में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए pilot district के रूप में चिन्हित पलामू जिले में जिन 06 स्थानों पर बैंक की शाखायें खोली जानी हैं, उन बैंको के नियंत्रक प्रमुखों से इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया |

**(Action: PNB, BOI, SBI एवं Andhra Bank)**

6. DFS द्वारा राज्य में ATM और Cash के position को साप्ताहिक आधार पर monitor किया जा रहा है, अतः सभी बैंको एवं currency chest वाले बैंको को इस सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी SLBC को दिये जाने का आग्रह किया गया | **(Action: सभी currency chest holder banks)**

**सभा में NHB के प्रतिनिधि द्वारा PMAY ऋण देने पर जोर दिया गया | देवघर LDM द्वारा DLCC की meeting में NBFC के प्रतिनिधि को बुलाये जाने की बात पर RBI के सहायक महाप्रबंधक श्री तिवारी ने LDM, देवघर को इस सम्बन्ध में RBI को पत्र लिखने की सलाह दी |**

**सभा के अंत में SLBC के उपमहाप्रबंधक श्री विन्सेंट लकड़ा ने सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों एवं मीडिया का धन्यवाद ज्ञापन किया | उन्होंने सभी का धन्यवाद करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की |**

**(विन्सेंट लकड़ा)**
**उप महाप्रबंधक, रा.स्त.बै.स.**

# LIST OF PARTICIPANTS IN 63rd SLBC MEETING HELD ON 15.05.2018

| . | NAME OF PARTICIPANTS | BANK / DEPARTMENT | DESINGNATION | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SRI Y S RAMESH | CID | SP | 7761918836 |
| 2 | SRI SANJIV DAYAL | Reserve Bank of India | General Manager | 9819646895 |
| 3 | SRI SHANKER PRASAD | Bank of India | General Manager | 9431115417 |
| 4 | SRI J C MAHANTA | NABARD | General Manager | 7464052782 |
| 5 | SRI ATUL KUMAR | Union Bank of India | Field General Manager | 9886300111 |
| 6 | SRI DEO SHANKAR | UIDAI | ADG | 9470707000 |
| 7 | SRI PRASAD JOSHI | SLBC | General Manager | |
| 8 | SRI C S SAHAY | Bank of India | General Manager | |
| 9 | SRI PARITOSH UPADHYAYA | JSLPS | CEO | 9431381831 |
| 10 | SRI DHARMENDRA PANDEY | Department of Revenue & Land Development | Advisor | 9431381831 |
| 11 | SRI GANESH KUMAR | Department of Home, Jail & Disaster Management | Joint Secretary | 9431569677 |
| 12 | SRI RAMESH GHOLAP | Dept. of Agriculture | Director | 9503390555 |
| 13 | SRI BINOD KR. SINHA | Dept. Of Planning cum Finance | OSD | 9431182703 |
| 14 | SMT SHUBHRA VERMA | Dept. of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative | Special Secretary | 9431077391 |
| 15 | SRI R R TIWARY | Reserve Bank of India | Asst. General Manager | 9819758883 |
| 16 | DR. S C PATI | Vananchal Gramin Bank | Chairman | 7033893400 |
| 17 | SRI BRIJ LAL | Jharkhand Gramin Bank | Chairman | 7541813901 |
| 18 | SRI VINCENT LAKRA | SLBC | Dy. General Manager | 7808977001 |
| 19 | SRI TEJESHWAR PATNAIK | Bank of India | Zonal Manager, Ranchi zone | 9262296292 |
| 20 | SRI MUKESH GAUR | Allahabad Bank | Zonal Head | 9415036887 |
| 21 | SRI RAJAN CHAUDHARY | Allahabad Bank | Dy. General Manager | 9920466769 |
| 22 | SRI S R VERMA | State Bank of India | Dy. General Manager | 9431191653 |
| 23 | SRI ANIL KUMAR MEELU | CENTRAL BANK OF INDIA | REGIONAL MANAGER | 9570900446 |
| 24 | SRI SANJEEV KUMAR | PUNJAB & SINDH BANK | CONTROLLING HEAD | 8083139213 |
| 25 | SRI MANOJ KUMAR | VIJAYA BANK | CHIEF MANAGER | 7234842571 |
| 26 | SRI S R DAS | SYNDICATE BANK | REGIONAL MANAGER | 7544012320 |
| 27 | SRI B K PANDEY | ORIENTAL BANK OF COMMERCE | ASST. GENERAL MANAGER | 7091690059 |
| 28 | SRI S K SINHA | STATE BANK OF INDIA | ASST. GENERAL MANAGER | 9065516672 |
| 29 | SRI KAMLAKAR SINGH | STATE BANK OF INDIA | ASST. GENERAL MANAGER | |
| 30 | MS SHIVANI GUPTA PATEL | BANK OF MAHARASTRA | Sr. Manager | 8583028080 |
| 31 | SRI MOTI LAL | Indian Overseas Bank | Chief Regional Manager | 9586100360 |
| 32 | SRI C S SASTRY | ANDHAR BANK | ZONAL MANAGER | 7070992529 |
| 33 | SRI ANKESH JAIN | UNION BANK OF INDIA | Dy. General Manager | 8407003434 |
| 34 | SRI S K SINHA | UNITED BANK OF INDIA | Dy. General Manager | 9934011359 |
| 35 | SRI P K JAIN | PUNJAB NATIONAL BANK | DY. GENERAL MANAGER | 7360073611 |
| 36 | MD SABIR | Uco Bank | Zonal Manager | 9836588817 |
| 37 | SRI BHAVENDRA KUMAR | CANARA BANK | DY GENERAL MANAGER | 9771481008 |
| 38 | SRI R C BEHERA | Bank of India | Zonal Manager | 9930111033 |
| 39 | SRI BIBHAW KUMAR | Bank of India | Manager | 9034846704 |
| 40 | SRI MUKESH KUMAR | Corporation Bank | CHIEF MANAGER | 7562008008 |
| 41 | SRI PANKAY KUMAR | Vananchal Gramin Bank | General Manager | 7033293422 |
| 42 | SRI BRAJESHWAR NATH | JSCB | CEO | 9431107596 |
| 43 | SRI HEMANT KR PANDEY | JSCB | Asst. General Manager | 9431595810 |
| 44 | SRI DHIRAJ KR. HORO | JSLPS | SPM | 8969170434 |
| 45 | SRI RAJESH GUPTA | JSLPS | Programme Manager | 9893420782 |
| 46 | SRI AMRENDRA KUMAR | BSNL | General Manager | 9431140605 |
| 47 | SRI K K THAKUR | BSNL | Chief General Manager | 9431323232 |
| 48 | SRI AMRENDRA KUMAR | HUDCO | Sr. Manager | 9431815999 |
| 49 | SRI ANUPAM BHARTI | UIDAI | Prvt. Secretary | 9771177669 |
| 50 | SRI BIMAL RATH | NATIONAL HOUSING BOARD | Regional President | 8130393436 |
| 51 | SRI AJITH KUMAR | HUDCO | Regional Chief | 9969293461 |
| 52 | SRI R K SINHA | GODDA | LDM | 9006642698 |
| 53 | SRI SHUBHASH KUMAR | INDUSIND BANK | REGIONAL HEAD | 7260811600 |

|  | NAME OF PARTICIPANTS | BANK / DEPARTMENT | DESINGNATION | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|
|  | SRI RAMAN PRASAD | DUMKA | LDM | 8986226257 |
| 55 | SRI VIKASH KUMAR | PAKUR | LDM | 9771438410 |
| 56 | SRI RAM DAS RAJAK | SAHEBGANJ | LDM | 9771438409 |
| 57 | SRI RAVI KANT SINHA | LOHARDAGA | LDM | 9470116528 |
| 58 | SRI S K NAG | KHUNTI | LDM | 7654009166 |
| 59 | SRI S K SAI | GUMLA | LDM | 9113361788 |
| 60 | SRI SUDHANWA MISHRA | SIMDEGA | LDM | 9931175578 |
| 61 | SRI MADHUKAR SHARMA | RANCHI | FOR LDM | 7276286466 |
| 62 | SRI U K BANERJEE | BOI-SLBC | OFFICER-SLBC | 7631141330 |
| 63 | SRI NARENDRA SENAPATI | CANARA BANK | DIVISINOL MANAGER | 7280800509 |
| 64 | SRI KUMAR RAJIV | UCO BANK | Sr. MANAGER | 9304959077 |
| 65 | SRI ASHISH GYANVERDHAN | Union Bank of India | Sr. MANAGER | 8407004114 |
| 66 | SRI ARUN KUMAR BARA | Central Bank of India | Dy Regional Manager | 9570900444 |
| 67 | SRI RAJIV NAYAN SINHA | Jharkhand Gramin Bank | CHIEF MANAGER | 9431757563 |
| 68 | SRI PREETY EKKA | Indian Overseas Bank | Asst. Manager | 8770670184 |
| 69 | SRI AMIT KUMAR | DHANBAD | LDM | 8406002014 |
| 70 | SRI SANJEEV KUMAR | RAMGHAR | LDM | 9931827418 |
| 71 | SRI MANOJ KUMAR | CHATRA | LDM | 7717780506 |
| 72 | SRI S H N NAKBI | HAZARIBAGH | LDM | 9431547593 |
| 73 | SRI RAKESH SINGH | GIRIDIH | LDM | 7257808020 |
| 74 | SRI S N MOHANTY | SERAIKELA | LDM | 9102956616 |
| 75 | SRI FUDAN MURMU | WEST SINGHBHUM | LDM | 7004720085 |
| 76 | SRI PHALGUNI RAI | EAST SINGHBHUM | LDM | 9334433883 |
| 77 | SRI DILIP KUMAR MAJUMADAR | BOKARO | LDM | 7004703590 |
| 78 | SRI R K S SINHA | DEOGHAR | LDM | 9771435410 |
| 79 | SRI C S D PAAN | LATEHAR | LDM | 7781011677 |
| 80 | SRI SHUDHANSHU SHEKHER PATHAK | JAMTARA | LDM | 9771462495 |
| 81 | SRI MUNNA PRASAD | GARHWA | LDM | 9934363748 |
| 82 | SRI PULIN B MITRA | PALAMU | LDM | 9619480231 |
| 83 | SRI YUVRAJ KUMAR | INDIAN BANK | SENIOR MANAGER | 9955542169 |
| 84 | SRI PRASOON CHANDRA | NABARD | Asst Manager | 8933087700 |
| 85 | SRI SIBA PRASAD NAYAK | SIDBI | ASST GENERAL MANAGER | 8980276834 |
| 86 | SRI PARMESHWAR MAHTO | UNITED BANK INDIA | CHIEF MANAGER | 8102324239 |
| 87 | SRI ANSHUL ANAND | INDIAN BANK | ASST MANAGER | 9372766665 |
| 88 | SRI AMIT KUMAR | DENA BANK | CHIEF MANAGER | 9152940875 |
| 89 | SRI A K GIRI | MSME-Development Institute | Asst. Director | 9431926955 |
| 90 | SRI ABHISHEK VERMA | Yes Bank ltd | Cluster Business Leader | 7064800824 |
| 91 | SRI SUDHANSHU KUMAR | Axis Bank | Nodal Officer | 8877969009 |
| 92 | SRI RANJAN MISHRA | Bandhan Bank | AVP | 9934315080 |
| 93 | SRI ABHISHEK KUMAR | HDFC BANK | CLUSTER HEAD | 9334328959 |
| 94 | SRI SANDEEP KUMAR | HDFC BANK | Sr VP | 9334326959 |
| 95 | SRI AMIT | FEDERAL BANK | BRANCH MANAGER | 8877887799 |
| 96 | SRI VISHAL KAMAR | SOUTH INDIA BANK | BRANCH HEAD | 7044324094 |
| 97 | SRI AKSHAY KUMAR SHARMA | J & K Bank | Assocoate Executive | 7006720107 |
| 98 | SRI MANISH MOHIT | Bank of India | Sr. Manager | 9835502878 |
| 99 | SRI SUNIL KUMAR | Bank of India | Sr. Manager | 8450949721 |
| 100 | SRI KISHORE KUMAR | Lakshmi Vilas Bank | Branch Head | 9308457750 |
| 101 | SRI SHASHI RANJAN | IDBI Bank | Regional Co-ordinator | 9920400032 |
| 102 | SRI ROBINSON KERKETTA | IDBI Bank | Regional Co-ordinator | 9709394649 |
| 103 | SRI RAJNEES RANJAN | Kotak Mahidra Bank | Branch Manager | 7549150009 |
| 104 | SRI KIRAN MISHRA | Kotak Mahidra Bank |  | 9709000208 |
| 105 | SMT SALONI SINGH PAHWA | DAY-NULM | STATE MISSION MANAGER | 7631064468 |
| 106 | SRI MUKESH KUMAR JHA | PMAY-URBAN | SPECIALIST | 9199534281 |
| 107 | SRI AMIT KUMAR | Indian Post | Asst. Manager | 9955384364 |
| 108 | MD SABIR AKHTER | ICICI Bank | Regional Head | 9771499046 |
| 109 | SRI SHANTAM LALA | BSNL | Asst. General Manager | 9431104949 |
| 110 | SRI RAVINDRA KR. SUBARNO | SLBC | Manager | 8797921592 |